# धान का समर्थन मूल्य 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा, कपास का 589 रुपये

2025-26 खरीफ विपणन मौसम के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है, जिसकी घोषणा भारत सरकार ने 28 मई, 2025 शाम को की।

धान की सामान्य व ग्रेड ए किस्मों का एम एस पी क्रमशः 2,369 रुपये प्रति क्विंटल व 2,389 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि 2024-25 खरीफ विपणन मौसम के दौरान यह 2,300 रुपये प्रति क्विंटल और 2,320 रुपये प्रति क्विंटल था। मक्का का समर्थन मूल्य 175 रुपये बढ़ाकर 2,400 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

दलहनों में तुअर/अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़कर 8,000 प्रति क्विंटल हो गया है। उड़द और मूंग का समर्थन मूल्य क्रमशः 400 रुपये व 86 बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल व 8,768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

खरीफ तिलहनों में नाईजरसीड (रामतिल) का एम एस पी 820 रुपये बढ़ाकर 9,537 रुपये प्रति क्विंटल व तिल का एम एस पी 579 रुपये बढ़ाकर 9,846 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। मूंगफली का समर्थन मूल्य 480 रुपये बढ़कर 7,263 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। सोयाबीन (पीली) का एम एस पी 436 रुपये बढ़ाकर 5,328 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

मध्यम और लंबे रेशे वाली कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य 589 रुपये बढ़ाकर क्रमशः 7,710 रुपये प्रति क्विंटल और 8,110 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

**2025-26 खरीफ विपणन मौसम में सरकारी खरीद के लिए फ़सलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य**

| फ़सल | 2025-26 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल) | 2024-25 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल) | बढ़ौतरी (रुपए/कुइंटल) | बढ़ौतरी (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|
| धान (सामान्य) | 2,369 | 2,300 | 69 | 3% |
| धान (ग्रेड ए) | 2,389 | 2,320 | 69 | 2.97% |
| ज्वार (हाइब्रिड) | 3,699 | 3,371 | 328 | 9.73% |
| ज्वार (मलदंडी) | 3,749 | 3,421 | 328 | 9.58% |
| बाजरा | 2,775 | 2,625 | 150 | 5.71% |
| रागी | 4,886 | 4,290 | 596 | 13.89% |
| मक्का | 2,400 | 2,225 | 175 | 7.86% |
| तुअर (अरहर) | 8,000 | 7,550 | 450 | 5.96% |
| मूंग | 8,768 | 8,682 | 86 | 0.99% |
| उड़द | 7,800 | 7,400 | 400 | 5.4% |
| मूंगफली | 7,263 | 6,783 | 480 | 7.07% |
| सूरजमुखी के बीज | 7,721 | 7,280 | 441 | 6.05% |
| सोयाबीन (पीली) | 5,328 | 4,892 | 436 | 8.91% |
| तिल | 9,846 | 9,267 | 579 | 6.24% |
| नाइजरसीड | 9,537 | 8,717 | 820 | 9.4% |
| कपास (मध्यम रेशा) | 7,710 | 7,121 | 589 | 8.27% |
| कपास (लंबा रेशा) | 8,110 | 7,521 | 589 | 7.83% |